प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

अगले कुछ दिनों में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा की जा सकती है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग इस संबंध में अपने पर्यवेक्षकों के साथ नई दिल्ली में बैठक कर रहा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में चुनावों के सुचारू संचालन की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में निर्वाचन आयोग ने इन राज्यों में चुनाव के तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया था।

****

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। आज मुम्बई समिति की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक से जारी बयान के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय घटनाक्रमों के मूल्यांकन के बाद समिति ने लगातार चौथी बार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

****

जमशेदपुर से 30 किलोमीटर दूर सालबनी के महामिलन सेवाश्रम संघ में अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आश्रम में आधुनिक तरीक से आर्गेनिक खेती भी की जा रही है। जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी ने बताया कि प्रधानमंत्री की योजना है कि किसानों की आय दुगनी हो। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से आश्रम को ड्रिप इरीगेशन मशीन, सोलर प्लांट और एक गोदाम की व्यवस्था की गई है। वहीं झारखंड सरकार की ओर से शेड नेट भी प्रदान किया गया है। दूसरी ओर जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा ने बताया कि इस आश्रम तक सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

****

सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता बढ़ाने और कार्यस्थल की क्षमता बेहतर बनाने के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण जोरों पर है। इस चरण का मुख्य अभियान 2 अक्टूबर से आरंभ हुआ है जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मुख्य सचिवालय और अधीनस्थ कार्यालयों में विशेष अभियान आरंभ किया है। यह अभियान कार्य स्थल और आस–पास का क्षेत्र साफ सुथरा रखने और जनता में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा कार्यालयों में सर्वोत्तम परंपरा के पालन पर केंद्रित है।

****

लातेहार जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक की। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए धन की उपलब्धता कोई बाधा नहीं है। मनरेगा एक मांग–संचालित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को धन जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार काम की मांग को देखते हुए धन उपलब्ध करा रही है।

****

हजारीबाग के टाटीझरिया स्थित दूधमटिया में कल वन एवं पर्यावरण मेले का आयोजन किया गया है। इसको लेकर आज हजारीबाग शहर से टाटीझरिया तक एक जागरुकता रैली निकाली गई। साइकिल से निकली इस 25 किलोमीटर लंबी रैली को आरसीसीएफ सतीश चंद्र राय ने हरी झंडी दिखाई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में छात्र और पर्यावरणविदों ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक किया गया। दूधमटिया पर्यावरण मेले के उप संयोजक मुरारी सिंह ने बताया कि आज से 29 साल पहले यहां वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम शुरू किया गया था, जो धीरे–धीरे पूरे देश भर में फैल गया।

****

राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड की खुशबू तिर्की को रजत पदक प्राप्त हुआ है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुशबू ने फाइनल में स्थान पक्का किया, जहां वो हरियाणा की खिलाड़ी से 3–1 से हार गई। खुशबू के रजत जीतने पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

*********समाप्त*********